## खबर संक्षेप

### शहडोल नगर मण्डल की कार्यसमिति की हुई घोषणा



शहडोल। भारतीय जनता पार्टी शहडोल नगर मंडल की बैठक नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की सहमति एवं नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर की नई कार्यकार्यसमिति की घोषणा की गई। कार्यसमिति में 6 उपाध्यक्ष, 02 महामंत्री, 06 मंत्री के साथ ही अन्य सदस्यों की घोषणा की गई, 06 नगर उपाध्यक्ष में श्रीमती मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, श्रीमती संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जायसवाल, महामंत्री नागेन्द्र गोले, अनमोल वर्मा को बनाया गया। इसके साथ ही मंत्री की जिम्मेदारी श्रीमती अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, श्रीमती सीमा सराफ, राकेश कनौजिया, आयुष पाण्डेय, चन्द्रकांत दुबे सौंपी गई, कोषाध्यक्ष अमन खरया, सह कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, कार्यलय मंत्री अंकित सराफ, सह कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, सह सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय को बनाया गया। इसके अलावा मीडिया प्रभारी अमित दुबे, सह मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, आईटी सेल प्रभारी लवकेश तिवारी को बनाया गया है। इसके साथ ही 36 कार्य समिति सदस्य बनाये गये हैं।

### जिलांतर्गत कोर्ट मोहर्रिर की मासिक बैठक संपन्न



शहडोल। पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तवव द्वारा 18 मई को पुराने पुलिस कंट्रोल रूम में कोर्ट मोहर्रिरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में न्यायालय संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा समय पर समंस एवं वारंटों की तामीली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, विशेष रूप से चिन्हित प्रकरणों में अनिवार्य रूप से वारंटों की तामीली किए जाने पर बल दिया गया। साथ ही यदि न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने में कोई समस्या आ रही हो, तो संबंधित अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा गया। इसके अतिरिक्त यदि कोई पुलिसकर्मी न्यायालयीन पेशी में उपस्थित नहीं हो रहा है, तो उसकी सूची प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिले की विभिन्नि न्यागयालयों के कोर्ट मोहर्रिर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रीडर लक्ष्मींनारायण द्विवेदी एवं समंस वारंट शाखा से सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पाण्डेय, लालमणी, आरक्षक विजय सोनी, एवं मेलाराम भूमिया उपस्थित रहे। बैठक में न्यायालय संबंधी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक सुझावों पर चर्चा की।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना में 02 मई को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में उक्त नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई, जो 04 मई को उक्त बालिका को स्थानीय बाजार जयसिंहनगर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। दस्तयाबी उपरांत बालिका से पूछताछ में बालिका द्वारा अरुण सिंह परस्ते निवासी खरहरा थाना ब्यौहारी ने दुष्कर्म करना बताया, जिस पर जयसिंह नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी अरुण सिंह परस्ते पिता गोरेलाल सिंह परस्तेए उम्र 19 निवासी ग्राम खरहरा थाना ब्यौहारी एवं सहआरोपी सुखसेन सिंह गोंड की पत्नी निवासी ग्राम ढोलर को 17 मई को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### अराजकता को हवा दे रही पुलिस, सुरक्षा तंत्र पड़ा कमजोर

# एफआईआर दर्ज करने की बजाय काट दिया एनसीआर

शहडोल। अराजकता के खिलाफ नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व उठाने वाली पुलिस जब अपने कर्तव्य को भूल कर सिर्फ एक सरकारी अमला बनकर रह जाए तो नागरिकों की सुरक्षा पर सवालिया निशान उठना लाजमी ही होता है। पुलिस की कार्यशैली में गुणात्मक सुधार आने की बजाय उसमें दिनोदिन गिरावट ही देखने को मिल रही है।

जिले का जयसिंहनगर थाना इस मामले में शायद सबको पीछे छोड़ चुका है। जहां फरियादियों की रिपोर्टें तक नहीं लिखी जाती हैं और उन्हे सीधे अदालत की शरण में जाने को कह दिया जाता है। हाल ही में चंदेला पंचायत में कार्यालय अवधि के दौरान दो लोगों ने कार्यालय में घुस कर शासकीय कार्य में बाधा डाला, पंचायत कर्मचारियों से अभद्रता की, धमकाया लेकिन जब रिपोर्ट लिखाने का प्रयास किया गया तो पुलिस ने एनसीआर काट कर फरियादियों को अदालत का रास्ता दिखा दिया।

#### कार्यालय के अंदर दादागिरी

बताया गया कि 17 मई को चंदेला पंचायत कार्यालय में मोबलाइजर शंकर सिंह चंदेल, रोजगार सहायक कमलेश अहिवार, सरपंच दिलीप सिंह द्वारा समग्र ईकेवाइस, आवास तथा नवीन ग्राम सभा गठन आदि की कार्रवाई के कार्य किए जा रहे थे। उसी बीच चंदेला निवासी दुर्गेश साहू तथा सुशील सिंह वहां पहुंच गए और कर्मचारियों को धमकाते हुए बोले कि हमारा ईकेवाईसी क्यों नहीं कर रहे हो, अभी इसी समय करो। इस पर सरपंच व मोबलाइजर ने कहा कि आप जरूरी कागजात लेकर आइये, इकेवाईसी हो जाएगी। इस पर दोनो लोग उनसे उलझ पड़े और उनका कामकाज ठप्प कर दिया। गांव के कुछ लोगों द्वारा बीच बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ और दोनो लोग धमकियां देते हुए वहां से चले गए।



#### अदालत के दरवाजे खटखटाओ

घटना की शिकायत करने जब संबंधित पीड़ित जयसिंहनगर थाने पहुंचे तो थाना प्रभारी ने उनकी बातें भी ठीक से नहीं सुनी और इस मामले में पुलिस अहस्तक्षेप योग्य अपराध करार देकर उन्हें अदालत की शरण में जाने को कह दिया। जब कार्यालय के अंदर घुस कर झगड़ा किया गया, शासकीय कार्य में बाधा डाला गया तो फिर यह पुलिस कार्रवाई के दायरे से बाहर कैसे हुआ यह किसी के समझ में नहीं आया। जयसिंहनगर के नागरिकों ने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस वैसे भी प्रकरणों में अपनी ओर से नई नई परिभाषाएं गढ़ कर काम कर रही है। जनमानस अब स्वयं को असुरक्षित सा महसूस कर रहा है।

#### अपराधों में हो रही बढ़ोत्तरी

जयसिंहनगर क्षेत्र में इन दिनो अवैध रेत का कारोबार जमकर चल रहा है, लोगों का मानना है कि यह वर्दीधारियों के संरक्षण में चल रहा है। यही नहीं नशीले पदार्थों के कारोबार को भी वर्दीधारियों द्वारा प्रश्रय दिया जा रहा है। अवैध शराब व गांजा की बिक्री जमकर चल रही है। एक तरह से यह भी कहा जा सकता है कि जयसिंहनगर में बढ़ते अपराधों पर पुलिस का कोई नियंत्रण नहीं है, उसने ही ढील दे रखी है। अवैध रेत का तो हाल यह है कि हर नदी नाले से सरेआम रेत निकाल कर लोगों को बेची जा रही है। रेत के वाहन थाने के सामने से गुजरते हैं, लेकिन धर पकड़ नहीं की जा रही है। जबकि रेत के लिए नाकेबंदी की जानी चाहिए और अधिक से अधिक अवैध रेत की जप्ती की जानी चाहिए। लेकिन पुलिस ने धरपकड़ करने की बजाय रेत माफियाओं से हाथ मिलाना अधिक ठीक समझा है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिए गए लक्ष्यों को करें पूर्णः कलेक्टर



शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने राजस्व विभाग एवं पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो कार्य कार्य योजना में सम्मिलित हैं लेकिन अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं। उन कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए जिससे वर्षा के पूर्व वे कार्य पूर्ण हो जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जो कार्य शुरू किए जा रहे हैं, कार्य प्रारम्भ समय की फोटोग्राफ तथा वीडियो एवं कार्य के मध्य की फोटोग्राफ एवं वीडियो तथा कार्य पूर्ण होने के पश्चात के फोटोग्राफ एवं वीडियो तैयार किए जाएं तथा जल गंगा संवर्धन अभियान ग्रुप शहडोल में भी साझा किए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जो भी जीवित नदी, नाले एवं झरने हैं और वहां से पानी व्यर्थ में बहकर जा रहा है, उनमें उपयुक्त स्थल का चयन कर बोरी बंधान का कार्य किए जाए। ऐसा करने से जहां जल स्तर बढ़ेगा वहीं पशु-पक्षियों को पीने के लिए ग्रीष्मकाल में पानी उपलब्ध हो सकेगा, साथ ही सब्जी-भाजी उगाने तथा मानव उपयोग में भी इस पानी का बेहतर उपयोग हो सकेगा। आपने कहा कि जिले में खेत-तालाब, निर्मल नीर, बलराम तालाब, कुओं एवं बावडिय़ों की सफाई तथा जीणोद्धार के कार्य समाज के सहयोग से संचालित किए जाएं। वर्तमान में पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार, पुष्कर तालाबों का जीर्णोद्धार तथा अमृत सरोवरों के निर्माण के कार्य भी जन सहयोग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों को वर्षा के पूर्व अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए।


## गर्मी के दृष्टिगत लू की संभावना से बचाव और उपचार

शहडोल। जिले में वर्तमान परिस्थिति में अत्याधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे शुष्क वातावरण में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा हो सकती है। जिसके लिए आम जन को लू (तापघात) से बचाव संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए है। लू से बचाव के लिए क्या करें- गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के डील सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीएँ एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अदर आने से रोके। जहाँ तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत एवं अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड, गर्म घुटन भरे कमरों में ना जायें। रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अतिआवश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाडी में अकेला न छोडे। धूप में नंगे पाँव न चले। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पादाथों का सेवन न करें।

**लू लगने के लक्षण-** गर्म लाल और सूखी त्वचा होना, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फॉरेनाइट से अधिक होना, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द होना, मांशपेशियों में कमजोरी या ऐठन,सांस फूलना या दिल की धडक़न तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होना आदि लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति के प्राथमिक उपचार के तरीके- रोगी को तुरंत छायादार जगह पर, कपडे ढीले कर लिटा दें एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य एवं पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्तः करें, रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल एवं कच्चा आम का सर्वत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान करायें या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहरायें जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता है।चिकित्सा संस्था में लू की स्थिति के लिए तैयारी- जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में गर्मी शुरू होने से पहले निम्न आवश्यकताएं सुनिश्चित करने जिसमें गर्भवती महिला एवं सभी मरीज व उनके परिजनों के लिए छांव में बैठने की व्यवस्था अस्पताल द्वारा सुनिश्चित करें, लू (तापघात) से प्रभावित रोगियों के लिये बिस्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करें, थर्मामीटर, ग्लूकोमीटर एंड स्ट्रिप, आइस पैक एवं बी.पी. मापने के उपकरण उपलब्धता सुनिश्चित करें, ई.सी.जी. उपकरण (ईसीजी मशीन, जेल ई.सी.जी पेपर, इलेक्ट्रोड) की व्यवस्था, दवाइयां जैसे ओआरएस, फ्लूइड्स, ठंडे पानी की व्यवस्था, लू के रोगी के लिए बर्फ पैकेट एवं ठंडे पानी की एंबुलेंस में व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

## 97 प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम

धनपुरी। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10 वीं एवं 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठतम रहा। 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 97.67 प्रतिशत रहा, जबकि 10वीं कक्षा का 97.43 प्रतिशत रहा। 12 वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में कुमारी सपना यादव ने 500 में 418 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं गणित संकाय



से साक्षी पटेल ने 500 में 406 अंक हासिल कर विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहीं। कला संकाय में कुमारी श्वेता कुशवाहा ने 500 में 390 अंक हासिल करके विद्यालय में कला संकाय में प्रथम स्थान पर रहीं। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में 500 में 449 अंक हासिल करके अदिति प्रजापति प्रथम स्थान पर 442 अंक के साथ श्रुति कुशवाहा द्वितीय स्थान पर और 437 अंक अर्जित करके तेजस्वी कचेर कक्षा में तृतीय स्थान पर रही। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनुपमा प्रकाश एवं सभी शिक्षकों के द्वारा छात्राओं को बधाई प्रेषित की गई। सभी छात्राओं उनके अभिभावकों, विद्यालय परिवार के शिक्षकों एवं क्षेत्र के लोगों में इतने अच्छे परीक्षा परिणाम को लेकर खुशी की लहर व्याप्त है, सभी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## एसईसीएल ने मकान खाली करने दिया नोटिस, व्यापारियों में आक्रोश

### कई वर्षों से अपनी रोजी-रोटी चला रहे व्यापारियों पर संकट





उमरिया। जिले के नौरोजाबाद मे इन दिनों एसईसीएल और व्यापारियों के बीच खींचा-तनी जोरो से चल रही है, एसईसीएल द्वारा रेलवे लाइन से नाली का निर्माण हो रहा है, जिसके कारण नगर के बाजारपूरा के कई व्यापारियों नोटिस दिया गया था कि घर खाली कर दे, जिसके चलते व्यापारी भारी आक्रोश में है। पूर्व में व्यापारियों के द्वारा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को इस विषय से अवगत भी कराया गया है एवं लिखित में दिया गया है, इसी विषय को लेकर घंटों चली व्यापारी संघ की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कलेक्टर एवं क्षेत्रीय विधायक और पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ एसडीएम एवं सभी को इस विषय से अवगत कराएंगे ।

#### व्यापारियों ने की बैठक

मीटिंग के दौरान व्यापारी संघ के अध्यक्ष कमल चंदानी और हीरा सेठ ने मीडिया के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहां की हमारी मांगे अगर पूरी नहीं होती है तो, हम व्यापारियों द्वारा कलेक्टर, विधायक, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार आगामी तारीख को ज्ञापन सौंपेगे और 7 दोनों का अल्टीमेटम दिया जाएगा, सात दिनों में अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई तो, हम लामबंद का आवाहन करते हुए नगर बंद करने के साथ-साथ जहां तक हमसे बनेगा वहां तक हम जाएंगे। एसईसीएल जोहिला क्षेत्र के जमीन में लगभग आधा से ज्यादा नौरोजाबाद निवास कर रहा है , किसी की एक, तो किसी की दो, तो किसी की तीन, पीढ़ी निकल गई।

#### जहां तक होगा वहां तक लड़ेगा व्यापारी संघ

नौरोजाबाद रेलवे साइडिंग से प्रतिदिन कोयले से भरी मालगाड़ी का संचालन होता है, कई महीनो से रेलवे साइडिंग के पास से लेकर बाजारपूरा होते हुए रेलवे के द्वारा एक नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। रेलवे ने एसईसीएल जोहिला क्षेत्र जिम्मेदारी दी है कि हमे पीछे नाली का काम शुरू कर दिए है, अब एसईसीएल वहां पर कई सालो से रह रहे लोगों को जगह खाली करने को कह रही है, अब वह लोग कहा जायेंगे, इसी के चलते यहां के नागरिक और व्यापारी विरोध में पर उतर आए हैं कि हम कई सालो से यह अपना घर और दुकान बना के रह रहे है, आगे सभी व्यापारी अपनी दुकान बनाए है और पीछे उसी घर में 50 से 60 सालो से रह रहे है, रेलवे नाली का निर्माण कर रही है, उस नाली के लिए कम से कम वह 5 से 6 मीटर तक जगह खाली करने को कह रही है, लेकिन व्यापारियों का कहना है कि हम अपनी जगह नहीं देंगे, किसी भी हद तक क्यों न जाना पड़े, हम जायेंगे और अपनी लड़ाई लड़ेंगे।

## घर में घुसकर बैठ गया भालू कमरे में कैद हुआ परिवार

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर के अमझोर के गंधिया गांव में एक मादा भालू के घर में घुसने से हडक़ंप मच गया। घटना के बाद गुप्ता परिवार के सदस्यों ने खुद को एक कमरे में कैद कर लिया और घंटों तक घर में भालू का उत्पात देखा। वन विभाग की तत्परता से भालू का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया, जिससे गांव में चैन की सांस ली गई। गांव के स्थानीय निवासियों के अनुसार घटना उस समय हुई जब गुप्ता परिवार के लोग सो रहे थे। अचानक भालू घर में घुस आया, जिसके चलते परिवार के सदस्य डर के मारे एक कमरे में बंद हो गए। और मामले की जानकारी वन विभाग को दी। जानकारी के बाद गुप्ता परिवार के घर वन विभाग की टीम पहुंची और घंटों कड़ी मेहनत के बाद रविवार दोपहर भालू को घर से बाहर निकाल खदेड़ा। एसडीओ मुकुल सिंह के निर्देश पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भालू को सुरक्षित रेस्क्यू करने का प्रयास किया। भालू को घर से बाहर निकालने के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाई। सभी सुरक्षा उपायों का पालन करते हुए उसे सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान भालू ने घर में काफी उत्पात मचाया, लेकिन वन विभाग की टीम के



प्रयासों के चलते इसे बिना किसी नुकसान के बाहर निकाला गया। गांव के अन्य निवासी भी घटना के बाद चिंतित थे। हमें भालू की उपस्थिति से डर था, लेकिन वन विभाग ने सही समय पर मदद की।

जिले की सीमा संजय गांधी एवं बांधवगढ़ नेशनल पार्क से जुड़े होने की वजह से आए दिन यहां जंगली जानवरों का आना-जाना बना रहता है। ब्यौहारी में पिछले कई महीनो से हाथियों का झुंड जंगलों में विचरण कर रहा है। इससे लोगों में काफी तहत का माहौल है। अब घर में भालू के घुसने से लोग और भी डरे हुए हैं। वन विभाग के स्ह्ह मुकुल सिंह ने कहा जानकारी मिलते ही हमने टीम को मौका पर भेजा था रेस्क्यू कर भालू को जंगल में छोड़ा गया है।

### डॉक्टर से मारपीट करने के मामले में एएसआई लाईन अटैच

शहडोल। पुलिस और डॉक्टर के बीच मारपीट के मामले में पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी को लाइन अटैच कर दिया है। ड्यूटी से घर जा रहे डॉक्टर कौशलेंद्र द्विवेदी व सोहागपुर थाने में पदस्थ एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी के बीच हाथपाई और मारपीट हुई थी। दोनों ने एक दूसरे से मारपीट की थी। डाक्टर द्वारा एएसआई के साथ मारपीट कर वर्दी फाडऩे का वीडियो वायरल हुआ था। सोहागपुर थाना क्षेत्र के आईटीआई के पास डॉक्टर व एएसआई के बीच मारपीट हुई थी। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशलेंद्र द्विवेदी शुक्रवार देर रात ड्यूटी पूरी कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह आईटीआई के समीप अपने निवास के पास पहुंचे, वहां रात्रि गशत कर रही सोहागपुर पुलिस टीम ने उन्हें रोक लिया और देर रात बाहर रहने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर कहासुनी हो हुई, बात हाथापाई तक पहुंच गई। इसी बीच डॉक्टर ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी।

खबर संक्षेप

## आज ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि ब्लाक स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 19 मई को जनपद पंचायत के सभागार में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में ऋण जमा अग्रिम साख अनुपात पर चर्चा, वित्तीयय साक्षरता अभियान एवं प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रामीण शाखाओ व्दारा शिविर आयोजन की चर्चा, जिला व्यापार उद्योग केंद्र उमरिया के योजनाओं की समीक्षा, एनयूएलएम अंतर्गत मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, स्व सहायता समूह के बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री स्व निधि योजना की समीक्षा, पशुपालन, मत्स्य, कृषि विभागों के केसीसी के प्रगति की समीक्षा, एनआरएलएम विभाग अंतर्गत स्वि सहायता समूह बैंक लिंकेज एवं प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना की समीक्षा, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना की समीक्षा, आदिवासी वित्त विकास विभाग की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन लाइन लंबित शिकायतों की समीक्षा, एसबीआई आरसेटी उमरिया की समीक्षा सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## आपदा प्रबंधन एक दिवसीय व्याख्यान एवं कार्यशाला संपन्न



**उमरिया।** मध्यप्रदेश शासन व होमगार्ड मुख्यालय के अदेशानुसार जिला सेनानी होमगार्ड उमरिया सी एस चतुर्वेदी के नेतृत्व में रणविजय महाविद्यालय उमरिया में नवीन सिविल डिफेंस वॉलेंटियर को आपदा प्रबंधन के विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अनिल गुप्ता के द्वारा फर्स्ट एड, सीपीआर स्नेक बाइट इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तत्पश्चात नगर पालिका उमरिया से आए इंजीनियर संतोष गुप्ता द्वारा फायर सिस्टम तथा आग के बारे में विस्तृत जानकारी एवं डेमोंसट्रेशन दिया गया।अंत में प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू द्वारा आपदा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टाफ ,नगर पालिका का स्टाफ तथा एसडीआरएफ जवान एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आयोजित हुआ भंडारा



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** बाबा महाकाल एवं बागेश्वर धाम समिति कोतमा के द्वारा शनिवार को नगर के स्टेशन चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा पाठ उपरांत पूरे दिन भंडारे का प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंच दर्शन उपरांत प्रसाद ग्रहण किया। सुबह 10 बजे से मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ जो की देर शाम तक अनवरत जारी रहा। इस दौरान भक्तों की टीम जयकारे भी करते नजर आए।

## पुलिस की जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे इसरार मन्सूरी श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की टीम ने 17 मई 2025 सूचना मिलने पर चुकान के जंगल में 3 जुआडियों को 52 ताश के पत्तो पर रुपयो पैसो से हार- जीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पकडा गया जिनके कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 15050 रू जप्त कर उनके विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। 15050 रुपये एवं 52 तास के पत्ते नगदी जप्त किया गया जहां जुआरी राजीव राय उर्फ दादा पिता उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम मलगा थाना रामनगर, विजय कुमार उम्र 54 साल निवासी वार्ड नं. 6 जमुना कालरी थाना भालूमाडा मल्लू सेन उम्र 32 साल निवासी ग्राम चुकान थाना भालूमाडा धरे गये।

### कोरेक्स, गांजा, नशीली दवाई की खुलेआम हो रही बिक्री

# आखिर किसकी शह पर चल रहा अवैध कारोबार

## पुलिस की कार्यशैली पर लग रहे प्रश्नचिन्ह

**जयसिंहनगर।** पुलिस की मिलीभगत से रेत का अवैध कारोबार तेजी से चल रहा है, इसके अलावा नशे का कारोबार भी दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, थाना पुलिस केवल धन उगाही में लगी हुई है। अपराध रोकने के लिए किसी भी स्तर पर पहल नहीं हो रही है। आलम यह है कि पुलिस थाना क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन अपराध बढ़ता जा रहा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत सहकार ग्लोबल कंपनी का वैध रेत खदान केवल भटिगंवा खदान एवं मसीरा सोन नदी की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है, लेकिन स्थानीय रेत माफियाओं द्वारा ग्राम गिरूई बड़ी के हलफल नाला से पूरी रात अवैध रूप से रेत खनन किया जा रहा है। जिससे शासन की राजस्व की चोरी हो रही है। भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी को लिखित रूप में जानकारी भी दी गई है और गिरूई बड़ी के हलफल नाले से हो रहे अवैध रेत खनन पर रोक लगाने की मांग की गई है, थाना क्षेत्र अवैध कारोबार को वर्दी का संरक्षण मिला हुआ है, जयसिंहनगर मुख्यालय में कई जगहों पर कोरेक्स, नशीली टेबलेट, गांजा, अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। छोटे छोटे बच्चे इसके शिकार हो रहे हैं। स्थानीय जयसिंहनगर में विगत दिनों कई जगहों पर चोरी हुई है, लेकिन पुलिस मूक दर्शक बनकर बैठी हुई है। आज तक चोर गिरोह को पुलिस नही पकड़ पा रही है। इससे यह साबित हो रहा है कि पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर रही है।



### दर्ज हो सकता है आपराधिक प्रकरण

ग्राम पंचायत बांसा में बहुद्देश्यीय भवन के निर्माण में मोहनी ग्राम के रेत माफिया रेत पहुंचा रहे हैं, पर्दे के पीछे से पुलिस का खुला संरक्षण मिला हुआ है, पुलिस द्वारा रेत चोरों की मुखबिरी करने की चर्चा इन दिनों जयसिंहनगर के चौक-चौराहों पर है, आश्चर्य की बात तो यह है कि सबकुछ जानने के बावजूद जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं, चोरी कर सामान बेचना अगर अपराध है तो, चोरी का सामान खरीदना भी अपराध है, भवन निर्माण के दौरान उपयोग हुई रेत की अगर रॉयल्टी की जांच की जाये तो, चोरी करने वाला और चोरी को बढ़ावा देने वाला दोनों सामने आ सकते हैं, जिसके बाद राजस्व वसूली के साथ दोनों पर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया जा सकता है।

### खुजलुहा नाला से निकाली जा रही रेत

जयसिंहनगर जनपद की मोहनी ग्राम पंचायत से निकलने वाली खुजलुहा नाला से नेताजी का परिवार रेत निकाल सकता है, अगर कोई इनकी शिकायत पुलिस से करता है तो, पुलिस स्वयं नेताजी के लिए मुखबिरी का काम करती है, कुल मिलाकर अवैध उत्खनन को वर्दी का खुला सहयोग मिला हुआ है। विभाग को इतनी फुर्सत नहीं है कि वह ठेकेदार से रेत की रॉयल्टी मांग ले और खनिज विभाग भी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है, चर्चा है कि भ्रष्टाचार की हांडी सबने चूल्हे पर चढ़ा दी है, जिससे सब मिलकर चट कर रहे हैं।

### वर्दीधारियों को फुर्सत नहीं

जयसिंहनगर मुख्यालय में खुलेआम नशीले पदार्थ बिक रहे हैं, नशे के सौदागरों का बड़ा और संगठित रैकेट युवा वर्ग को नशे की लत लगाने के अपने काम को बखूबी से अंजाम दे रहा है। वहीं बेचने वालों और उन तक पहुंचाने वाले गिरोह खुलेआम कई जगहों पर हर दिन गांजा, शराब, नशीली दवाएं बेचते हैं। आलाम यह है कि नशे के लिए कथित नशेडियों द्वारा चोरी सहित अन्य बड़ी घटना को अंजाम आने वाले समय में दिया जायेगा, जिस पर रोक लगाने की फुर्सत वर्दीधारियों को नहीं है।



## गोरिया झिरिया नाला में श्रमदान कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला समन्वयक रविन्द्र शुक्ला , ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद विकासखंड पाली के गोरिया झिरिया नाला , कुआं ,बावली, नदी तालाब,जल स्रोतों में श्रमदान करके साफ सफाई की गई । इस अवसर पर परामर्शदाता संजय साहू, कौशलेश कुमार सूर्यवंशी, अर्चना मिश्रा, शशि साहू, उषा प्रजापति एवं सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं अजय चौधरी, खेल सिंह, किशन सोनी, प्रेरणा विश्वकर्मा, रमेश कुमार साहू, लक्ष्मी देवी, तेजराज सिंह,रजनी सिंह, कीर्ति विश्वकर्मा, पूजा पासी ,पूजा यादव ,श्रुति सिंह ,वैशाली सिंह ,प्राची महोबिया, ज्ञान बाई सिंह, प्रीती सिंह ,पुष्पराज कोल ,सूरज बर्मन उर्मिला सिंह लक्ष्मी यादव,अर्चना सिंह ,संगीता बैगा, लक्ष्मी देवी ,अनामिका शुक्ला,रजनी ,आकांक्षा राय, राजकुमार,वीरेंद्र ,मुकेश,पूजा अजय ने स्वच्छता कार्य निरंतर चलाकर सभी ने कुआं, बावली ,तालाब एवं विभिन्न जल स्रोतों को स्वच्छ करने का संकल्प लिया।



## जल गंगा संवर्धन अभियान की सीईओ ने की समीक्षा

**मानपुर।** जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने इंदवार, अमरपुर, तथा चिल्हारी सेक्टर की पंचायतो मे चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की । उन्होने कहा कि जल की एक एक बूंद को सहेजने के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है । अभियान के माध्यम से जल स्रोतो के आस पास , घाटो के आस पास श्रमदान करके गंदगी को हटाया जाए। साथ ही जल स्रोत के आस-पास हुए अतिक्रमण को भी हटाने की भी कार्यवाही की जाए। जल ही जीवन है, इस परिकल्पना के साथ सभी कार्य करें तभी हम जल की एक एक बूंद को सहेज पाएंगे । सीईओ जनपद पंचायत मानपुर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक किया जाए । शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । इस दौरान उन्होने पंचायतों में हो रहे ई केवायसी कार्य का भी अवलोकन किया ।



## बेजुबान जानवरों का सहारा बन रही युवा टीम

**उमरिया।** सूरज की तपिश से बेहाल पक्षियों और बेजुबान जानवरों के लिए जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के सदस्य सहारा बन रहे हैं। इनके लिए पीने के पानी के साथ ही भोजन की व्यवस्था करने का भी बीड़ा युवा टीम ने उठाया है। युवा टीम उमरिया से जुड़े सदस्य जगह-जगह पर पक्षियों के लिए सकोरे व पशुओं के लिए नाद रखवा रहे हैं। वही पक्षी प्रेमी लोगों को निशुल्क सकोरा बांटकर अपने-अपने छत में पानी भर कर रखने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गर्मी के आगाज के साथ ही पक्षियों व जानवरों की सेवा में लग जाते हैं और बारिश शुरू होने तक इनका यह कार्य निरंतर जारी रहता है। भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है ऐसी गर्मी में हर कोई प्यास से जब परेशान होता है तो उसे ठंडे पानी की जरूरत होती है पानी के लिए तो कहीं ना कहीं भारी मशक्कत करना पड़ जाती है। ऐसे में पशु पक्षियों के लिए भी पानी बहुत जरूरी हो जाता है उनकी जान बचाने के लिए भी पानी का इंतजाम आवश्यक है। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए समाज से भी संस्था युवा टीम के द्वारा पक्षी मित्र अभियान के तहत अब तक 1500 सकोरे बांध व बांट कर लोगों को प्रेरित कर रहे है। वहीं कुछ लोग पूरे वर्ष तक पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं उल्लेखनीय है कि गर्मी के इन दिनों में बेजुबान जानवरों व पक्षियों के लिए ना तो सर छुपाने की कहीं जगह रहती है और ना ही समुचित पेयजल व भोजन की व्यवस्था होती है ऐसे में इनमें से कई जानवर भूख व प्यास के चलते दम तोड़ देते हैं इन बेजुबानों को इस तरह से बचाने समाज सेवी आगे आ रहे हैं और दूसरों को भी उनके लिए प्रेरित कर रहे हैं। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि इसी क्रम में तालाब के तट में वृक्षों पर सकोरे बांध पक्षियों के लिए जल रख अन्य लोगों को भी अभियान में जुडने की भी अपील की। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी,सहायक उपनिरीक्षक पुष्पराज सिंह, प्रधान आरक्षक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,शिखा बर्मन, लक्ष्मी महोबिया, वैष्णवी बर्मन,संजीवनी पटेल,मुस्कान महोबिया व सभी उपस्थित रहे।

## 25 मई से शुरू होगा नौतपा, झेलना पड़ेगा गर्मी का सितम

**हरिभूमि न्यूज, कोतमा।** सूरज ने अभी से आग उगलना शुरू कर दिया है और अभी तो नौतपा लगना बाकी है। नौतपा 25 मई से लग रहा है। ज्येष्ठ मास के ये 9 दिन सबसे गरम होते हैं। इन 9 दिनों में गर्मी अपने चरम पर होगी। नौतपा का आरंभ 25 मई से होगा और यह 8 जून को समाप्त होगा। यह अवधि 15 दिन की होगी और इसमें शुरू के 9 दिन गर्मी सबसे अधिक होती है, इसलिए इसे नौतपा कहते हैं। नौतपा 9 दिन की वह अवधि होती है जब धरती का तापमान सबसे अधिक होता है। अबकी बार नौतपा 25 मई से शुरू होगा और 8 जून को समाप्त होगा। जिसमें से शुरू की 9 दिन की अवधि में सूरज की गर्मी झुलसा देने वाली होगी। पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो नौतपा की शुरुआत होती है और जब मृगशिरा नक्षत्र में आ जाता है तो नौतपा समाप्त होता है। ज्येष्ठ मास के इन 9 दिनों में भीषण गर्मी पड़ती है। इन 9 दिनों में लोगों को अपना और परिवार के सदस्यों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जानकारों की मानें तो ये 9 दिन की अवधि में धरती सूर्य की ऊष्मा को अवशोशित करके बारिश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है।



### नौतपा की तिथि कब से कब तक

पंडित अमन पाण्डेय ने बताया कि नवग्रहों के राजा सूर्य 25 मई को सुबह 3 बजकर 27 मिनट पर रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। 15 दिन तक इस नक्षत्र में रहने के बाद सूर्य 8 जून को मृगशिरा नक्षत्र में चलें जायेंगे। कई हिस्सों में भीषण लू, तापमान में तीव्र वृद्धि और सूखे जैसे हालात लेकर आता है. अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच सकता है. दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म रहती हैं, जिससे जनजीवन पर गहरा असर पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय फसलों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, वहीं शहरी क्षेत्रों में बिजली और पानी की खपत तेजी से बढ़ जाती है। चिकित्सा विशेषज्ञ इस दौरान लोगों को धूप से बचने, अधिक पानी पीने और हल्का भोजन लेने की सलाह देते हैं। नौतपा के बाद मानसून की आहट शुरू होती है, इसलिए यह कालवेला मौसम परिवर्तन की पूर्व चेतावनी भी मानी जाती है। अतः इस नौतपा में सभी को सतर्क रहना होगा और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करना आवश्यक है।



## नगर में चोरियों का नहीं थम रहा सिलसिला

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर मे बढ़ती चोरी को लेकर नगर के व्यापारी, नागरिक दहशत में हैं। शनिवार रविवार की दरम्यानी रात वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला कल्याणपुर स्कूल के पास रहने वाले जुगनू बंसल पिता नरेंद्र के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़ते हुए घर में रखे दहेज के सामान पीतल फूल के कीमती बर्तन सहित घरेलू सामान की चोरी कर ले गए हैं। चोरी की जानकारी लगने पर फरियादी ने रविवार को मामले की शिकायत थाना में की। पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। विदित रहे कि हाल में ही बाजार क्षेत्र से एक ही दिन में दो मोटर साइकिल भी चोरी हो चुकी है। जिसका भी पुलिस अभी तक पता नही लगा पाई है।

## 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बेचने के पहले धराये दोनों भाई



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** रामनगर पुलिस ने अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब परिवहन करते हुए दो भाइयों को पकड़ा गया है जो पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान रवि सिंह चंदेल पिता शंकर सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी मोहाडा दफ़ाई बिजुरी और अमित सिंह चंदेल पिता शंकर सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासीः मोहाड़ा दफाई थाना बिजुरी के रूप में हुई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अवैध शराब लेकर जंगल रास्ते से गुजरने वाले हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने राजनगर के पुराने डोला जंगल मार्ग, बरगद क्रिकेट ग्राउंड के पास घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 20 लीटर कच्ची महुआ की शराब, जो एक प्लास्टिक के जार में भरी हुई थी, बरामद की गई। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 122/25, धारा 34(1) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना की जा रही है।

## भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पड़ रही गर्मी के कारण पंखे कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। बार-बार मौसम में भी परिवर्तन हो रहा है कभी आसमान में घने काले बादल छाए रहते हैं तो कभी आसमान से आंग उगते सूर्य देव की तपिश से लोगों का हाल बेहाल है। ऐसे में डॉक्टरों की सलाह से ही लोगों को अपनी दिनचर्या शुरू करनी चाहिए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ संगीता प्रजापति का कहना है कि बीमारियों से बचना चाहते हैं तो जरूरी है कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखें मौसम परिवर्तित होने पर सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है हमारे दिनचर्या का रहन-सहन और आहार का उचित प्रयोग हमें स्वस्थ रख सकता है। ग्रीष्म ऋतु में हल्के सूती वस्त्रो का प्रयोग करें। पानी का सेवन अधिक से अधिक करना चाहिए। घर से बाहर खाली पेट ना निकले सर और शरीर को ढक कर निकालना चाहिए। आयुर्वेद के अनुसार चोकर रहित अनाज जैसे गेहूं ज्वार बाजार मक्का सत्तू का सेवन करना चाहिए। रसदार मौसमी फलों जैसे संतरा खरबूज तरबूज खीरा ककड़ी आम के रस का सेवन शरीर में होने वाली डिहाइड्रेशन से बचाव करेगा। अंकुरित अनाज मूंग चना का भरपूर मात्रा में सेवन करें। सलाद में ककड़ी टमाटर मूली गाजर प्याज चुकंदर का सेवन करें। ग्रीष्म ऋतु में अतिसार या दस्त होने पर जीरा अजवाइन काला नमक का पाउडर ढेड चम्मच पानी में मिलाकर सेवन करें। रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने के लिए च्यवनप्राश का सेवन लाभदायक है। रोग प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।



## खबर संक्षेप



### नर्मदा मंदिर परिसर मंथर गति से चल रहा विकास कार्य

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक ।** प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के नर्मदा मंदिर परिसर में इन दोनों नर्मदा लोक के तहत विशेष विकास कार्य किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार के द्वारा उक्त कार्य बेहद ही धीमे एवं मंथर गति से किया कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन की विशेष महिती योजना के तहत अमरकंटक नर्मदा लोक में प्रथम चरण में नर्मदा मंदिर परिसर के दीवार में धार्मिक महत्व को प्रतिपादित करता शिलालेख एवं प्रतिबिंब लगाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें नर्मदा क्षेत्र के समस्त धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए शिला पटिका लगाया जा रहा है। उक्त कार्य बेहद धीमे एवं कछुए की चाल में किया जा रहा है। बाहर से आने वाले भक्त श्रद्धालुओं ने कहां की उक्त कार्य बेहद सुस्त अंदाज में हो रहा है विकास कार्यों को तीव्र गति से गुणवत्ता के साथ किया जाना चाहिए ताकि उक्त विकास कार्य वर्षों तक ऐतिहासिक समावेशीकरण बना रह सके।

### एकलव्य खो-खो अकादमी में ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** तुलसी महाविद्यालय परिसर में एकलव्य खो-खो अकादमी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता प्रतिदिन दो सत्रों में प्रातः 6 से 8 बजे तक तथा सायं 4 से 6 बजे तक नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इस आयोजन में 14 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के खिलाड़ी निःशुल्क भाग ले सकते हैं। यह अवसर सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों सहित अन्य इच्छुक खिलाड़ियों के लिए भी खुला है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा को पहचानना, प्रोत्साहित करना और निखारना है। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक डॉ रामायण वर्मा, डॉ. इंद्र नारायण काछी, विवेक यादव, साक्षी पाठक एवं निखिल यादव, शिवानी केशवानी, भारती धुर्वे, धनीराम वनवासी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम फेडरेशन संरक्षक आदर्श दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है। फेडरेशन सितंबर माह में एक बड़ा जिला स्तरीय टूर्नामेंट भी करवाने जा रहा है। खेल प्रेमियों एवं प्रतिभावान युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

प्रदूषित कुल्फी खाकर बच्चे हो रहे बीमार

# नगर में गुणवत्ताविहीन कुल्फियों की भरमार

### संबंधित विभाग व प्रशासनिक अमला बना मूकदर्शक

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर मे आइसक्रीम की बिक्री भी जोरो से शुरू हो गई है। मुनाफे के फेर मे आइसक्रीम फैक्ट्री संचालको द्वारा इनके निर्माण मे गुणवत्ता का बिलकुल ध्यान नही रखा जा रहा है। शहर मे आइसक्री फैक्ट्रियो मे बनी कुलफियो को खाने से छोटे-छोटे बच्चो मे जुकाम, खांसी जैसी बीमारियां फैलना शुरू हो गई हैं। अधिक मुनाफा होने की वजह से आइक्रीम एवं बर्फ बनाने वाली फैक्ट्रियों मे लापरवाही बदस्तूर जारी है। इन दिनो बर्फ से बनी आइसक्रीम के रूप मे बीमारी को बढ़ावा देने वाले लोग सक्रिय हो गये हैं। शहर मे आइसक्रीम फैक्ट्रियों मे बनी कुलफियां खाने से छोटे छोटे बच्चे बीमारियों की चपेट मे आ रहे हैं वही प्रशासन एवं खाद्य महकमे द्वारा आइसक्रीम संचालको की फैक्ट्रियों की जांच करने की जहमत नही उठाई जा रही है।

### आइसक्रीम फैक्ट्रियों की भरमार

इस धंधे मे अधिक लाभ होने के कारण शहर मे दर्जनो आइसक्रीम फैक्ट्रियों खुल गई हैं। जहां गुणवत्ता का किसी भी प्रकार से ख्याल नही रखा जाता है और न ही शहर के स्वास्थ्य महकमे से लेकर खाद्य विभाग के नुमाइंदे कोई कार्यवाही कर रहे हैं। बर्फ से निर्मित आइसक्रीम एक रूपये से लेकर दस रूपये तक मे उपलब्ध कराई जा रही है। इसमे फैक्ट्री संचालको को केवल अपने मुनाफे की चिंता रहती है, आइसक्रीम गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण किया जा रहा है। शहर के अलावा फैक्ट्रियां अपने माल को ग्रामीण अंचलो मे भी खपा रहे हैं।



### खाने के बाद बच्चे हो रहे बीमार

जानकारी के मुताबिक आइसक्रीम के निर्माण मे विभिन्न तरह के रंगो एवं केमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है। बताया जाता है कि जो केमिकल रंग के लिए उपयोग किया जाता है वह भी गुणवत्ता का नही होने से छोटे छोटे बच्चों को खांसी, बुखार, हैजा, निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहर मे आइसक्रीम बनाने के लोहे के खांचे भी इतने पुराने हो चुके हैं कि उनमे जंग लग चुकी है और जंग लगे इन प्रदूषित खांचो मे भरकर उनमे रंग एवं केमिकल डालकर आइसक्रीम तैयार कर बीमारियों को खुला आमंत्रण दिया जा रहा है। फैक्ट्रियों मे शुद्ध पानी एवं साफ सफाई की ओर ध्यान नही दिया जाता है।

# मटकों के बाद खस पर महंगाई की छाया



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दिन रात का तापमान बढ़ने से इन दिनों शहर के रहवासियों को गर्मी का अहसास होने लगा है। अलसायी दोपहर में बाजार मे टोपी, गमछा, रंगीन चश्मो की छोटी दुकाने सजने लगी है, ठंडे पेय पदार्थो की बिक्री भी चल रही है, एक तरह से देखा जाए तो हर शख्स गर्मी से बचाव की जुगाड़ में है, बावजूद इसके मंहगाई महारानी गर्मी के इस दौर मे देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटको और कूलरो में लगने वाली खस पर मेहरबान नही है, बताया जाता है कि मटको की निर्माण सामग्री की कीमत बढ़ने की हालत मे कुम्भकार इस साल महॅगे मटके बेचने को मजबूर हैं।

### खस की जगह वुडवुड का उपयोग

उधर खस के दाम अधिक होने से खस की चटाईयॉ बेचने वाले भी पशोपेश मे पड़े हुए है, फिलहाल लग रहा है खस की सौंधी महक लकड़ी के छीलन मे खो गयी है, उल्लेखनीय है कि शहर मे कूलरो को ठंडा रखने वाले खस की दुकाने सज चुकी हुई तो है,किन्तु आमजनों का कहना है कि अब खस मे पहले जैसी ठंडक नही रही है,उसकी जगह बुडवुल का उपयोग होने लगा है, यह खस किस्म की लकड़ी की छीलन है जो बाहर से मॅगायी जाती है,खस और बुडवुल के रेट मे अंतर होता है,बुडवुल की छीलन भेड़ाघाट से आ रही है, इसकी चटाईयो कूलर मे लगाने से फर्क सिर्फ यह है कि खस जैसी सौधी महक नही उठती पर कूलर ठंडा हो जाता है, कूलरो को व्यवस्थित करने की जुगाड करने वाले लोगो की माने तो लकड़ी वाली चटाईयों की कीमत फिलहाल कम है जबकि खस की कमी का आलम है, खस न खरीदना का मलाल है पर ज्यादा जरूरी हुआ तो कूलरो की लकड़ी की चटाई एक दो बाद बदल लेगें,कूलर की चटाईयॉ बेचने वाले गरीब दुकानदारो का कहना है कि हमारे धंधे मे पहले जैसी कमायी नही रह गयी है, लोगों के घरो में कूलरो की तादाद बढ़ती जा रही है, किन्तु खस की बिक्री बढ़ने की बजाय कम हो गयी है, एक समय था जब वे खस से बनी चटाईयॉ ग्राहको को दे नही पाते थे, अब गर्मियो मे लोग लकड़ी का छीलन बुडवुल खरीदकर कूलरो मे लगा रहे है, बहुत कम ग्राहक है जो खस की सौंधी महक को समझते है और कहते है कि कुदरत के खस के आगे सब फीका है, ऐसे ग्राहको के लिस खस का इंतजाम करना मुश्किल है, वैसे सच है कि जबसे कूलर निर्माताओं ने बुडवुल का उपयोग करना शुरू किया है,तबसे खस की पूछपरख भी घट गयी है, उन्होने बताया कि अब ग्राहको की पहली पसंद बुडवुल है जो सस्ती और ठंडक देने वाली है,कूलर चटाई विक्रेताओं का कहना है कि बावजूद विपरीत स्थिति के हमारे घरो मे महिलाएॅ कूलर की चटाईयो की कमानी बना रही है और हम तेज धूप मे अपनी दुकानो मे काम कर जीविका चला रहे है,यकीन है कि ईश्वर हमे दो वक्त की रोटी मयस्सर कराएगा।

# श्री कल्याणिका देवस्थानम डोल आश्रम पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** परम तपस्वी बीतराग बाबा कल्याण दास महाराज के उत्तराखंड स्थित डोल आश्रम में तीन दिनों तक चले वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आश्रम पहुंचकर पूजन अर्चन धार्मिक विधि विधान के कार्यक्रम में शामिल हुए एवं दर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 10 मई 25 शनिवार से वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 12 मई 25 दिन सोमवार वैशाख शुक्ल पूर्णिमा तक तीन दिनों के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कल्याणिका देवस्थानम आश्रम डोल पहुंचे तथा उन्होंने आश्रम



परिसर में आयोजित वार्षिक उत्सव के परंपरागत धार्मिक आयोजन में शामिल होकर दर्शन किया एवं पूजन अर्चन अभिषेक में उपस्थित रहे इस दौरान आश्रम परिसर में जश्न का माहौल रहा तथा कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारा भोजन प्रसादी कराया गया। उत्तराखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परम तपस्वी बाबा कल्याण दास महाराज से मिलकर उनके कुशल क्षेम जाना तथा बाबा कल्याण दास महाराज से आशीर्वाद लिया बाबा कल्याण दास महाराज ने आश्रम के गतिविधियों के विस्तार से जानकारी दी तथा उन्होंने मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक आने का आमंत्रण दिया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरकंटक में जब भी कार्यक्रम होगा आमंत्रित करेंगे मैं निश्चित तौर पर रहूंगा।

# राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहायक ब्लॉक प्रबंधक को भी दें उच्च वेतनमान का लाभ

### 90 दिनों के अंदर कार्यवाही कर संपूर्ण लाभ प्रदान करने हाईकोर्ट के निर्देश

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत सहायक ब्लॉक प्रबंधक को भी उच्च वेतनमान व मेट्रिक्स लेवल 8 के आधार पर समस्त लाभ देने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट में दायर याचिका में माननीय न्यायालय ने याचिकाकर्ता को मेट्रिक्स लेवल 8 के अनुसार पूर्व की भाँति वेतनमान प्रदान करने को आदेशित किया है। याचिकाकर्ता गीतांजलि गुप्ता, सीमा पटेल, कोमल प्रसाद, विकास कुमार, सन्ध्या मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, अर्चना बाजपेयी, संदीप शर्मा, सुरेश प्रसाद, अर्चना गुप्ता, रमेश मिश्रा, रजनीश सिंह, रामपाल पांडेय, कनीज फतीमा, संजय विश्वास तथा दुर्गेश दाहिया अनूपपुर की तरफ़ से एडवोकेट सत्येन्द्र ज्योतिषी ने पक्ष रखते



हुए बताया कि याचिकाकर्ता विगत कई सालो से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहायक विकास खंड प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। 22 जुलाई 2023 संविदा पालिसी के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत कर्मचारियो कोनियमित कर्मचारी की भांति वेतन/लाभ प्रदान करने के लिएसमकक्षता निर्धारण करने का आदेश किया गया था। जिस आधार पर उनका वेतन निर्धारण किया गया जोनियम विरुद्ध है।04 अक्टूबर 2023 को मिशन में कार्यरतअधिकारी/कर्मचारी की समकक्षता का निर्धारण किया गया जिसमें इनका मेट्रिक लेवल 6 गया जिसके आधार पर जिला प्रबंधक का वेतनमान 9300-34800-2400 जो पहले से कम हो गया। सहायक विकास ब्लॉक प्रबंधक की नियुक्ति के समय 9300-34800-3200 का वेतनमान प्रदान किया जाता था, परंतु 4.10.2023 के आदेश के तहत प्रार्थी गण का वेतनमान कम कर दिया गया। जिला प्रबंधक को मेट्रिक्स लेवल 8 एवम उच्च वेतनमान 9300-34800-3200 प्रदान करने के लिए अनावेदकगण गणों को अभ्यावेदन दिया गया था, पर कोई कार्यवाही ना होने पर प्रार्थीगणों ने याचिका दायर की प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए माननीय हाइकोर्ट ने आदेश किया है कि मेट्रिक्स लेवल 8 के आधार पर अभ्यावेदन 6 का निराकरण कर वेतन प्रदान करने संबंधी कार्यवाही 90 दिनों के अंदर कर संपूर्ण लाभ प्रदान करें।

# भ्रष्टाचार की इबारत लिख रहा ग्राम पंचायत सेमरा

### मिष्ठान्न भंडार के बिल पर हुआ एलईडी लाइट का भुगतान





हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 17 May 2025 - Page 4
ग्रामीणों को विकास योजनाओं का इंतजार, जनता परेशान, अधिकारी बेपरवाह
ग्राम पंचायत सेमरा में 'विलुप्त' हुये सचिव

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा एक बार फिर चर्चा में है और इस बार वजह है, पंचायत में हुआ चौंकाने वाला भ्रष्टाचार, जिसने शासन की नीतियों और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा दी हैं। दरअसल, पंचायत में पंचम राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत 4 लाख 24 हजार रुपए की लागत से एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने की स्वीकृति दी गई थी। यह कार्य ऊर्जा विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुसार पूरे ग्राम के विभिन्न वार्डों में किया जाना था, लेकिन पंचायत सचिव ने इस योजना में गड़बड़ी करते हुए न सिर्फ नियमों को दरकिनार किया, बल्कि भुगतान के लिए जो बिल प्रस्तुत किया, वह किसी मिष्ठान्न भंडार (मिठाई की दुकान) का था।

### GST लागू, फिर भी TIN नंबर से भुगतान

भारत में 1 जुलाई 2017 से जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू हो चुका है, जिसके बाद TIN नंबर की वैधता समाप्त हो गई थी। बावजूद इसके पंचायत दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध विवरण के अनुसार एलईडी लाइट सप्लाई करने वाले दुकानदार का TIN नंबर दर्ज है, जो कि वर्तमान कर प्रणाली में असंगत है। इससे भी बड़ी चौंकाने वाली बात यह है कि जिन दस्तावेजों में इलेक्ट्रॉनिक सामान की जानकारी होनी चाहिए। उसमें मिष्ठान्न भंडार का बिल लगाया गया है। यह सीधा-सीधा दर्शाता है, कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए शासकीय राशि का गबन किया गया है।

### वारंटी अवधि में खराब हुई लाइट, नहीं दी गई कोई सूचना

पंचायत द्वारा जो एलईडी लाइट लगाई गई, वे स्थापना से पहले ही खराब पाई गईं। एलईडी लाइट आमतौर पर वारंटी अवधि के अंतर्गत आती हैं, जिन्हें खराब होने पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के बदला जा सकता है। मगर, सचिव द्वारा न तो सप्लायर को कोई नोटिस दिया गया और न ही इन लाइटों को बदला गया। यह स्पष्ट संकेत है कि सचिव द्वारा न केवल नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे से भ्रष्टाचार का खेल भी खेला गया। क्या ऐसे मामलों पर जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा ? क्या जनता के टैक्स का पैसा इसी तरह जुगाड़ और फर्जी बिलों में



बर्बाद होता रहेगा ? और आखिर कब तक पंचायतों में ऐसे भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी ? यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं, बल्कि सिस्टम की खामियों और जवाबदेही की कमी को भी उजागर करता है। अब जरूरत है सख्त जांच और दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की।

### इनका कहना है

17-18 स्ट्रीट लाइटें आई थीं, जिनमें से तीन रिप्लेसमेंट के लिए भेजी गई थीं। काफी दिन हो गए हैं, लेकिन वे अभी तक वापस नहीं आईं।

**श्रीमती तीजन बाई पुरी, सरपंच ग्राम पंचायत सेमरा**

पहले मैं इसको चेक करवा लूं, तभी कुछ बता पाऊंगी।

**उषा किरण गुप्ता, सीईओ जनपद पंचायत अनूपपुर**

# सचिव और जनपद सीईओ की मिलीभगत से पंचम वित्त आयोग की लूट

**हरिभूमि न्यूजअनूपपुर।** जनपद पंचायत अनूपपुर के अधीन ग्राम पंचायत सकोला विकास के बजाय भ्रष्टाचार की बदबू बिखेर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत सचिव रमेश विश्वकर्मा ने जनपद सीईओ की मौन सहमति के साथ पंचम वित्त आयोग से आवंटित लाखों रुपये का गबन कर डाला। उस राशि का उद्देश्य गाँव में रोशनी, जल, नाली, स्कूल और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना था, परन्तु असल में यह धन निजी जेबों में समा गया। मध्यप्रदेश पंचायत (सामग्री एवं सामान क्रय) नियम, 1999 के तहत यह आवश्यक था कि 500 से 15,000 तक की खरीद में तीन कोटेशन अवश्य ली जाएँ और 15,000 से अधिक की खरीद में टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाए। इसके अतिरिक्त ग्रामसभा की स्वीकृति, समिति की




बैठक, कार्य स्थल का निरीक्षण एवं सत्यापन अनिवार्य थे, परंतु सकोला में इन सभी नियमों का कड़ाई से उल्लंघन करते हुए चुने हुए दुकानदारों से मनमानी दरों पर बिल बनवाए गए। कई मामलों में जहाँ वस्तुओं का निर्माण या उपलब्धता का संकेत ही नहीं मिला, फिर भी बिल पास कर दिए गए। उदाहरण स्वरूप, टंकी का न बनाना फिर भी बिल पास करना, इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रक्रिया की अनदेखी की गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन गलत प्रक्रियाओं को देखते हुए जनपद सीईओ ने न तो निरीक्षण किया और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की। इस खामोशी ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का प्रतीक बनकर प्रशासनिक तंत्र पर गहरा प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है सचिव भ्रष्टाचार का केंद्र है जिसके चलते विकास केवल कागज़ों तक सीमित रह गया और जनता को वास्तविक लाभ नहीं मिला। गाँव के बुज़ुर्ग, युवा और महिलाएँ प्रशासनिक अधिकारियों जिला कलेक्टर, लोकायुक्त एवं मुख्यमंत्री से तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यह मामला केवल एक गाँव की समस्या न होकर पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही पर प्रश्न उठाता है। पंचम वित्त आयोग की उक्त राशि का उपयोग निजी संपत्ति बढ़ाने में हो रहा है, जिससे गाँव के लोग अभी भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल एक सचिव ही इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जनपद सीईओ की मौन सहमति केवल लापरवाही है या इसमें मिलीभगत के ठोस प्रमाण भी छिपे हैं। क्या इसी तरह से पंचम वित्त आयोग की राशि लूटती रहेगी या शासन-प्रशासन अंततः जागरूक होकर इस भ्रष्टाचार का जड़ से निष्कासन करेगा। प्रशासनिक नियमों की उपेक्षा, मनमानी लेन-देन और संरक्षक की चुप्पी ने इस भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें उगाई हैं। यह मामला प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का प्रतीक है। जब तक यह भ्रष्टाचार **unchecked** रहता है, तब तक विकास की किरण जनता तक पहुँचने में विफल रहेगी। अब समय आ गया है कि उच्चतम अधिकारियों द्वारा इस घटना पर तुरंत और निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि भविष्य में इसी प्रकार की घटनाएँ रोकी जा सकें और विकास का असली उद्देश्य जनता का कल्याण सुनिश्चित किया जा सके।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सार्थक प्रयास-श्री जायसवाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जयसवाल ने कहा कि कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु आयोजित प्रशिक्षण कार्यशालाएं निश्चित ही उन्हें सशक्त बनाएंगी। इस प्रकार की योजनाएं न केवल महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक रूप से भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने कहा कि अनूपपुर जिले के पिपरहा गांव में दरी निर्माण कार्य से जुड़ी महिलाओं को जो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, वह ग्रामीण महिलाओं के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। भविष्य में यह



गांव दरी बनाने वाले शिल्पियों के लिए प्रदेश ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा। ऐसी योजनाएं नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो उन्हें न केवल रोजगार प्रदान करती हैं, बल्कि समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होती हैं। राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने जिले के ग्राम पिपराहा में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ कर संबोधित किया। हथकरघा विभाग के प्रबंधक शिव शंकर पांडेय ने बताया कि पिपरहा गांव में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कौशल उन्नयन प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत 25 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में 10 दीदियों को प्रतिदिन 3 घंटे तक दरी निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री पांडेय ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक दीदी को 3000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही, हथकरघा विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को आवश्यक कच्चा माल भी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे प्रशिक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण दरी तैयार करना सीख सकें। प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात दीदियां स्वयं का कुटीर उद्योग प्रारंभ कर सकेंगी, जिसमें वे स्वतंत्र रूप से दरी निर्माण कर सकेंगी। उनके द्वारा निर्मित दरी को हथकरघा विभाग क्रय करेगा, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त होगा और वे स्वावलंबी बन सकेंगी। यह योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जिससे ग्रामीण महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकेंगी, बल्कि समाज में एक सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त करेंगी। इस दौरान दीदियां बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर राजू यादव, पत्रकार, समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

